## एक नजर में

### थाना परिसर में किया पौधारोपण



मोहन बड़ोदिया, 30 जून. मोहन बड़ोदिया पुलिस थाना परिसर में सोमवार सुबह 10 बजे के करीब एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पुलिस थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास एवं समस्त पुलिस थाना स्टाफ के द्वारा थाना परिसर में पौधारोपण किया गया. इस दौरान यह संदेश दिया गया कि अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करें, पौधा लगाना सहज है किंतु उसकी देखभाल करना मुश्किल है. इस दौरान पौधारोपण में मोहन बड़ोदिया थाने के स्टाफ द्वारा अलग अलग पौधे लगाए गए. जिनमें नीम, बबूल, पीपल सहित दर्जनों प्रकार के पौधे लगाए गए.

### मार्ग पर दुकान संचालित न करें व्यापारी



मोहन बड़ोदिया, 30 जून. थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास के निर्देशन पर सोमवार को थाने से एएसआई सुभाष पटेल और आरक्षक सुरेश राठौर द्वारा हाट मैदान का मुआयना किया. बता दें विगत दिनों एबीवीपी द्वारा ज्ञापन देकर विद्यालय मार्ग से मीट की दुकानों को हटाने का अनुरोध किया था. जिस पर तत्काल प्रभाव से विद्यालय मार्ग से मीट की दुकानों को हटा दिया गया था. वहीं सोमवार सुबह 11.30 बजे मोहन बड़ोदिया पुलिस द्वारा स्थान का निरीक्षण किया गया और लोगों से अपील की गई कि मार्ग में किसी भी प्रकार की दुकान संचलित न करें जिससे विद्यार्थियों को आवागमन में समस्या हो.

### सुसनेर के उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाए

सुसनेर, 30 जून. लघु उद्योग भारती सुसनेर इकाई ने प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश देशमुख जागीरदार के नेतृत्व में अपनी विभिन्न मांगो को लेकर एमएसएमई के आयुक्त महाप्रबंधक के नाम एक ज्ञापन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को दिया. जिसमें बताया गया कि आकली औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है जिसका हाल ही में 27 जून 2025 को आरआईएसई रतलाम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल लोकार्पण किया गया. इस औद्योगिक क्षेत्र का लघु उद्योग भारती सुसनेर इकाई के द्वारा भौतिक भ्रमण किया गया यहां पर बहुत सारी बुनियादी सुविधाओं का अभाव पाया गया. ज्ञापन में कहा गया है कि यहां पर पानी की आपूर्ति, सम्पवेल, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट चौकीदार आदि इन सभी कार्यों को पूर्ण कर भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए, लघु उद्योग भारती सुसनेर इकाई आकली औद्योगिक क्षेत्र के लिए 2018 से प्रयासरत हैं इसमें लघु उद्योग भारती सुसनेर के उद्यमियों को अधिक से अधिक प्राथमिकता दी जाए, इस प्रकार का ज्ञापन आवेदन के माध्यम से आग्रह किया गया व एक पत्र जिला कलेक्टर को भी दिया गया.

# नए बायपास के लिए 185 करोड़ रुपए स्वीकृत

## विधानसभा क्षेत्रवासियों को मिली बड़ी सौगात, विधायक कार्यालय पर पत्रकार वार्ता आयोजित

**शाजापुर, 30 जून. पूर्व सांसद थावरचंद गेहलोत के प्रयास से शाजापुर के समीप बायपास स्वीकृत हुआ था, जिसका निर्माण पूरा होकर ये लोगों को समर्पित कर दिया गया है. उसी प्रकार अब शाजापुर के विकास के लिए इसका दायरा बढ़ाना ज्यादा जरूरी है. इसके लिए यहां पर एक और बायपास की जरूरत दिखाई दे रही थी. ऐसे में शाजापुर के लिए एक और बायपास की स्वीकृति के लिए प्रयास किए गए. आज इसकी स्वीकृति मिल गई है. यह बायपास 185 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार होगा.**

यह बात शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने सोमवार दोपहर भगतसिंह मार्ग स्थित विधायक कार्यालय पर मीडिया से चर्चा करते हुए कही. विधायक भीमावद ने कहा कि शाजापुर विधानसभा में किसान, पानी, सड़क के साथ चहुंओर विकास के लिए लगातार प्रयास जारी हैं. जो भी मामले मेरे संज्ञान में आते हैं या फिर मीडिया के माध्यम से आप लोग मुझ तक पहुंचाते हैं, मेरा प्रयास रहता है कि मैं उसे जल्द से जल्द क्रियान्वित करूं. साथ ही ये भी प्रयास रहता है कि जिस कार्य का मैं भूमिपूजन करूं,



उसे अपने इसी कार्यकाल में पूर्ण करके उसका लोकार्पण भी करूं. ताकि शाजापुर विकास के पथ पर निरंतर बढ़ता रहे. इसके लिए सभी का सहयोग भी जरूरी है.

**नर्मदा-कालीसिंध का दूसरा फेज 2026 तक पूर्ण होगा**

विधायक ने बताया कि वर्ष 2013 से 2018 तक के उनके विधायक कार्यकाल में क्षिप्रा-कालीसिंध-नर्मदा परियोजना पर कार्य किया गया था. आज नर्मदा जी का पानी जिले में पहुंच चुका है. दूसरे फेज में जिले के अधिकांश किसानों के खेतों तक सिंचाई और पीने के लिए पानी पहुंचेगा. ये कार्य 2026 में पूर्ण होने की उम्मीद है.

### शाजापुर और मक्सी में बनेगा फोरलेन

विधायक अरुण भीमावद ने विधायक कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि शाजापुर जिला मुख्यालय पर और मक्सी में मिलाकर करीब 133 करोड़ रुपए से सड़क को फोरलेन करने के लिए स्वीकृति पूर्व में ही मिल चुकी है. जिसके टेंडर जारी होने वाले हैं. इसके बाद पूरा प्रयास रहेगा कि ये कार्य भी जल्द से जल्द पूरा हो जाए.

उन्होंने बताया कि प्रदेश की बड़ी परियोजना से भी शाजापुर को जोड़ा गया है. जिससे ऐसे क्षेत्र जो छूट गए थे, वहां पर भी आगामी समय में पानी की उपलब्धता बढ़ जाएगी. उन्होंने बताया कि दुपाड़ा और इसके आसपास क्षेत्र में पानी की उपलब्धता के लिए गागोरनी बैराज की स्वीकृति के लिए भेजा गया है.

### 30 करोड़ से बनेगी मंडी, जारी हुए टेंडर

विधायक भीमावद ने बताया कि शाजापुर की प्याज, आलू की मंडी संभाग की सबसे बड़ी मंडी है लेकिन एक ही परिसर में अनाज मंडी और सब्जी मंडी लगने से जाम की परेशानी होती है. किसानों की सुविधा को देखते हुए लाहोरी बल्डे पर 100 बीघा भूमि का मंडी निर्माण के लिए चयन किया. यहां पर 30 करोड़ रुपए की लागत से मंडी का निर्माण होगा. इसके लिए टेंडर जारी हो गए हैं. निर्माण ठेकेदार से भी चर्चा की गई है. मंडी निर्माण होने से किसानों को राहत मिलेगी. नई मंडी को शाजापुर के नए बाईपास से भी जोड़ा जाएगा ताकि क्षेत्र के किसानों को अधिक से अधिक फायदा हो.

### पीएम एक्सलेंस, बीकेएसएन महाविद्यालय में 16 कक्ष हुए स्वीकृत...

विधायक भीमावद ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में भी विधानसभा क्षेत्र में कार्य हो रहे हैं. जिला मुख्यालय स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन कॉलेज में छात्र संख्या बहुत ज्यादा है. इसके लिए यहां पर परिसर छोटा पड़ता है. ऐसे में यहां पर कक्ष निर्माण के लिए मांग की गई थी. इस पर स्वीकृति मिली है और कॉलेज में 16 कक्ष का निर्माण होगा. इसके साथ ही यहां पर दो सेमिनार हॉल और एक ऑडिटोरियम के लिए भी राशि स्वीकृत हो रही है. विधायक भीमावद ने कहा कि शाजापुर के लिए जो भी विकास के कार्यों की जरूरत हैं. उनके बारे में वे सभी से विचार-विमर्श कर रहे हैं. ऐसे में जो भी क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक और संभव होगा उसे जरूर पूरा किया जाएगा.

# सफाई के दौरान 2 सफाईकर्मियों को सांप ने डंसा

**सुसनेर, 30 जून. वर्षाकाल में नगर परिषद के द्वारा नालों की सफाई करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसके चलते कहीं पर जेसीबी मशीन से, तो कहीं पर कर्मचारियों के माध्यम से सफाई करवाई जा रही है.**

सोमवार की शाम को खेड़ापति हनुमान मठ मंदिर के प्रवेश द्वार के समीप नाले की सफाई कर रहे 2 कर्मचारियों को नाले के अंदर मौजूद पानी वाले सांप ने डंस लिया. जिसके कारण दोनों घायल हो गए. जिन्हें अन्य सफाई कर्मचारियों द्वारा शासकीय सिविल अस्पताल सुसनेर में लाया गया. यहां पर डॉक्टर नीलम जैन के द्वारा



घायल शाकिर पिता जाकिर उम्र 25 साल व मुकेश पिता मांगीलाल उम्र 39 साल का प्राथमिक उपचार दिया गया. इस घटना की जानकारी लगने पर नगर परिषद के कुछ वार्ड पार्षद भी अस्पताल पहुंचे और दोनों घायलो का हाल जाना. इस संबंध में नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने वर्षाकाल में शासन के द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं मुहैया कराने की मांग परिषद के जिम्मेदारों से की है.

### प्रशिक्षण 3 जुलाई से

**शाजापुर, 30 जून.** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाने के निर्देशों के अंतर्गत बीएलओ को क्षमता विकास के लिए सभी बूथ लेवल ऑफिर्सस को 3 जुलाई से 13 जुलाई के मध्य विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र प्रसाद सिंह ने जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विधनसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की बैठक कर प्रशिक्षण स्थल की बैठक व्यवस्था का आंकलन करते हुए प्रशिक्षण कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें.

# नेशनल लोक अदालत के लिए बैठक 16 को

**शाजापुर, 30 जून. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशों के अनुरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकर शाजापुर द्वारा 13 सितंबर को जिला न्यायालय परिसर शाजापुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है. नेशनल लोक अदालत में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्त प्रीलिटिगेशन व लिटिगेशन मामलों सहित समझौता योग्य समस्त दाण्डिक एवं सिविल मामलों का निराकरण आपसी सुलह एवं समझौते द्वारा किया जाएगा.**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती नमिता बौरासी ने बताया कि प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के आदेशानुसार नेशनल लोक अदालत में शाजापुर जिले के अंतर्गत निराकरण के लिए रखे जाने वाले प्रकरणों की संख्या एवं विभागों में लंबित प्री-लिटिगेशन व लिटिगेशन के प्रकरण संबंधी तथा अन्य आवश्यक जानकारी सहित 16 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे से एडीआर सेन्टर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर में बैठक का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें विभिन्न विभागों को आयोजित होने वाली बैठक में नियत तिथि एवं समय पर जानकारी के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान करने के लिए कहा गया है.

# स्कूल-कॉलेज में संचालित हों वेद विद्या पाठ्यक्रम




**शाजापुर, 30 जून. सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार को प्रतिभा प्रोत्साहन एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया. इस आयोजन में मुख्य अतिथि जूना अखाड़ा उज्जैन के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेश आनंद गिरि महाराज ने कहा कि स्कूल और कालेज में वेद विद्या पाठ्यक्रम का संचालन होना चाहिए,**

जिससे बच्चों और युवाओं को इनका ज्ञान मिले. वह वेद, पुराण, शास्त्रों से जीवन की कला, धर्म कर्म, अध्यात्म को समझ सकें. हमारे पास दो हाथ हैं एक हाथ में शास्त्र तो दूसरे में शस्त्र होना चाहिए. ब्राह्मण को याचक नहीं अयातक होना चाहिए. ब्राह्मण तो हमेशा से सदमार्ग दिखाने वाला रहा है. हाथ में कलावा और जनेऊ धारण कर लेना ही धर्म नहीं. उसके साथ हमारा जीवन सदाचारी होना चाहिए. वर्तमान में देखा जा रहा है कि लोग धार्मिक स्थानों पर पर्यटन की दृष्टि से पहुंच रहे हैं, यह गलत है. धार्मिक स्थानों पर तीर्थाटन के लिए जाएं और धर्मलाभ लें. आयोजन में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु पंडित अर्पण भारद्वाज भी अतिथि के रुप में शामिल रहे. उन्होंने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद युवाओं को कहा कि आज हर कोई नौकरी के पीछे भाग रहा है. जबकि उचित मार्ग स्वरोजगार है. क्योंकि नौकरी में हमारा स्व खत्म हो जाता है. हम हमेशा किसी न किसी के अधीन ही रहते हैं, जबकि स्व रोजगार हमारा होता है इससे हम आगे बढ़ने के साथ समाज और युवाओं को भी आगे बढ़ा सकते हैं. राष्ट्रीय अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि गोवा की आज अलग ही पहचान है. जबकि उसकी पहचान भगवान श्री परशुराम जी के मान से होनी चाहिए. भगवान परशुराम जी की महिमा जन जन तक पहुंचाने के लिए जल्द ही गोवा में राष्ट्रीय सम्मेलन ब्राह्मण समाज द्वारा किया जाएगा.

**ब्राह्मण रत्न की उपाधि दी**

सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दिलीप शर्मा, उपाध्यक्ष महेंद्र आचार्य और युवा इकाई अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा भोला ने बताया कि प्रतिभा प्रोत्साहन एवं अभिनंदन समारोह में समाज के आठ महापुरुष जो अब इस दुनिया में नहीं हैं, किंतु उनके सदकार्य आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं. उनको ब्राह्मण रत्न की उपाधि देकर स्वजन को सम्मानित किया गया. मीडिया प्रभारी मोहित व्यास ने बताया कि आयोजन में समाज के कार्य व जनसेवा में अग्रणी 70 वरिष्ठ समाजजन और 50 से अधिक मैधावी विद्यार्थियों का सम्मान आयोजन में किया गया. समारोह में मंच पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पं. संतोष जोशी, लघु उद्योग भारती के प्रदेश पदाधिकारी दिनेश तिवारी, भाजपा नेता दिनेश शर्मा, सर्व हिंदु उत्सव समिति अध्यक्ष आशीष नागर, व्यवसायी विनित दिक्षित, मेघचंद्र शर्मा व सीमा शर्मा और संतोष शर्मा मौजूद रही. आयोजन को लेकर समाजजन में उत्साह का माहौल रहा. कई दिनों से इस आयोजन की तैयारी की जा रही थी.

### सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे...

समारोह में शिक्षा व अन्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जाएगा. कार्यक्रम के दौरान सम्मान पाने को लेकर विद्यार्थी उत्साहित दिखाई दिए. जैसे ही मंच पर अतिथियों ने उन्हें सम्मान स्वरुप भगवान श्री परशुराम का चित्र भेंट किया, वह काफी खुश नजर आए.

# शांति समिति की बैठक आयोजित



**मोहन बड़ोदिया, 30 जून. मोहर्रम पर्व के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास, एसआई कैलाश नारायण यादव, एएसआई सुभाष पटेल की उपस्थिति रही.**

बैठक में मोहर्रम कमेटी के सदस्यगण एवं मुस्लिम समाज के प्रमुख नागरिकों ने भाग लिया. इस अवसर पर शासन प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों पर्व आयोजन की रूपरेखा, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियों तथा समन्वय संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई. पुलिस प्रशासन द्वारा सभी को आश्वस्त किया गया कि पर्व के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी. साथ ही आयोजन समितियों से भी सहयोग एवं नियमों के पालन की अपील की गई. मीटिंग में उपस्थित समाजजन एवं समिति सदस्यों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया.

# तारीख नहीं बढ़ी, तो बंद हो जाएगा राशन

## अंतिम दिन तक 4639 हितग्राहियों की नहीं हुई ईकेवाईसी

**सुसनेर, 30 जून. केंद्र और राज्य सरकार ने सभी पात्र लाभार्थियों को 30 जून 2025 तक अपनी ईकेवाईसी प्रक्रिया पूरी करने का अंतिम अल्टीमेटम दिया था. लेकिन सुसनेर शहरी क्षेत्र में 4639 हितग्राही ऐसे बच गए हैं, जिन्होंने अंतिम दिन भी अपनी ईकेवाईसी नहीं करवाई. ऐसे में यदि शासन के द्वारा आज से ईकेवाईसी करवाने की तारीख नहीं बढ़ाई गई, तो फिर इन सभी हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन मिलना बंद हो जाएगा.**

इसके चलते सोमवार को डाक बंगला रोड पर स्थित नगर परिषद कार्यालय में ईकेवाईसी करवाने के लिए हितग्राहियों की



भीड़ लगी रही. सरकार ने इसको लेकर पहले ही बताया था कि 30 जून की तारीख के बाद बिना पहचान सत्यापन वाले लाभार्थियों को राशन नहीं मिलेगा. कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुरेश कुमार गुर्जर के अनुसार सरकार ने यह कदम राशन वितरण में पारदर्शिता और सही लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उठाया है. कई जगहों से शिकायतें मिली थी कि फर्जी कार्ड, मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन ले रहे हैं या एक व्यक्ति के नाम पर दो कार्ड चल रहे हैं. इन अनियमितताओं को खत्म करने के लिए अब डिजिटल पहचान जरूरी बना दी गई है.

**अंतिम तारीख तक भी शत-प्रतिशत ईकेवाईसी नहीं हो पाई**

नगरीय क्षेत्र के 15 ही वार्डों के कुल 21 हजार 205 हितग्राहियों की ईकेवाईसी नगर परिषद को कराना थी. 8 अप्रैल से ही परिषद के द्वारा अभियान चलाकर हितग्राहियों की ईकेवाईसी की जा रही थी. उसके बाद घर-घर जाकर हितग्राहियों की ईकेवाईसी की गई, लेकिन उसके बाद भी सोमवार तक 16 हजार 356 की ईकेवाईसी हो सकी. ऐसे में 4639 हितग्राही अपनी ईकेवाईसी नहीं करवा पाए. परिषद अंतिम तारीख तक भी शत प्रतिशत ईकेवाईसी नहीं कर सकी.

**एक नजर में** — उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय इन्सपायर अवॉर्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

# समस्या को देख समाधान के लिए मन में आइडिया लाएं

**शाजापुर, 30 जून. शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय इन्सपायर अवॉर्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन प्रारंभ हुआ. उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर ऋजु बाफना रही. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन अहमदाबाद के अनिल भास्कर, कृषि विज्ञान केंद्र समन्वयक डॉ. जीआर अम्बावतिया, जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर के प्रो. सुधीर सवासिया थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी शाजापुर विवेक दुबे ने की.**



बच्चों एवं उपस्थित बाल वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्टर ऋजु बाफना ने कहा कि बच्चे अपने आसपास के परिवेश की समस्या को देखे व उनके समाधान के लिए मन मे नवाचारी आइडिया लाएं और उन आइडियाज के प्रोटोटाइप बना कर इस तरह की प्रदर्शनियों में प्रस्तुत करें. यह आइडिया समाज की भलाई के लिए होना चाहिए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि विजय भास्कर ने बताया कि बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल इनोवेटिव एवं नवीन सोच पर आधारित होना चाहिए. इसी के आधार पर ही भविष्य में वैज्ञानिक खोजों के लिए मार्ग प्रशस्त होता है.

### 112 बाल वैज्ञानिकों ने की सहभागिता...

स्वागत भाषण में संस्था प्राचार्य प्रवीण कुमार मंडलोई ने बताया कि इस कार्यक्रम में शाजापुर एवं राजगढ़ जिले के 129 में से 112 बाल वैज्ञानिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन रविकांत त्रिपाठी ने किया. उद्घाटन सत्र के पश्चात सभी अतिथियों द्वारा बाल वैज्ञानिक द्वारा तैयार किए गए मॉडलों के प्रदेश का प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा उनके द्वारा बनाए गए मॉडलों की क्रियाविधि को समझा. उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहे इस विज्ञान प्रदर्शन इस दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शन के पहले दिन उद्घाटन सत्र के पश्चात शाजापुर नगर के विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में आए विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया. कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में शाजापुर के आसपास के विभिन्न विद्यालयों से छात्र छात्राएं प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे.

### विद्यार्थियों को मिलेगा 10 हजार का पुरस्कार

इन्सपायर अवॉर्ड योजना के बारे में जिला विज्ञान अधिकारी दिनेश चंद्र सोनी ने बताया कि इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना, भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन अहमदाबाद की एक पहल है जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देना है. इस योजना के तहत, कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों को विज्ञान परियोजनाओं और मॉडलों को विकसित करने के लिए 10,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाता है. विज्ञान गतिविधि प्रभारी ओम प्रकाश पाटीदार ने बताया कि कुल उपस्थित 112 मॉडल्स में से 10 प्रतिशत का चयन आगामी दिवस में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय इन्सपायर अवॉर्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता करेंगे.



### राजस्व एवं खाद्य विभाग ने की संयुक्त कार्यवाही

**शाजापुर, 30 जून.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन में विगत दिनों खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्यवाही में दुपाड़ा तहसील मोमन बड़ोदिया की 4 दुकानों - स्वामी रेस्टोरेंट, भारत किराना स्टोर्स, प्रजापति ट्रेडर्स, जय माता दी उपहार गृह से यूज्ड कुकिंग ऑयल विभिन्न प्रकार के फोर्टीफाइड खाद्य तेल, मिर्ची पाउडर, सौंफ, तुअर दाल सहित कुल 12 नमूने जांच के एकत्रित किए गए. जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया. जांच रिपोर्ट के आधार पर न्यायालयीन कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी. खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि दुकान परिसर में साफ-सफाई रखने, खरीदी बिलों का संग्रहण करने, खाद्य एवं अखाद्य सामग्री पृथक-पृथक रखने, अच्छी गुणवत्ता सामग्री का ही संग्रहण, विक्रय करने की हिदायत दी गई. कार्यवाही दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वर्मा तथा केएल कुंभकार, राजस्व दल शामिल रहा.

**पिछले 24 घंटों में 14.5 मिमी औसत वर्षा- शाजापुर,** जिले में गत दिवस से आज सुबह 8 बजे तक 14.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वाधिक वर्षा तहसील शाजापुर में 39 मिमी हुई है.